हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 एसपी के परिवार जोड़ो अभियान से 81 परिवारों में...



07 सामाजिक सद्भावना से बड़ा नहीं है कोई दूसरा...



**खबर संक्षेप**



### पशुपतिनाथ मंदिर से मृत्युंजय महादेव मंदिर पहुंची बारात

**सागर।** महाशिवरात्रि पर पशुपति नाथ मंदिर से शिवजी की बारात निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए मेडिकल कॉलेज स्थित मृत्युजंय महादेव मंदिर पहुंची जहां विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रातः 5बजे से लेकर दोपहर 3बजे तक पूजन अभिषेक किया गया 3.30 बजे हवन पूर्णाहुति हुई। शाम 5बजे पशुपतिनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर बारात बालक हिलव्यू, इंद्रप्रस्थ, बसंत बिहार, जियामापुरम होते हुए रात्रि 10.30बजे मेडिकल कालेज पहुंची जहां विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ।मार्ग में आधे आधे घंटे का मंदिरों में ठहराव हुआ जहां विभिन्न कालोनियों के लोगों ने शिवपार्वती के स्वरूप का पूजन किया लोगों ने बारातियों का खूब स्वागत भी किया। बरपक्ष एवं कन्यापक्ष से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे और आनंद प्राप्त किया।

### संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत बैठक संपन्न

**सागर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित की गई । महाविद्यालय स्तर में, विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु चरणवार ₹संकल्प से समाधान अभियान₹ 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलाया जा रहा है । इस बैठक में अभियान के प्रभारी जिला कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा नामित जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने उक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय स्तरीय समिति डॉ विकाश चन्द्र त्रिपाठी संयोजक एवं समिति सदस्य डॉ देवेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ अवधेश प्रताप सिंह, सुश्री अनुष्का राजे द्वारा महाविद्यालय में चलाए जा रहे विशेष समाधान शिविरों एवं अन्य कार्यक्रमों जैसे जन सुनवाई, हेल्पडेस्क, सी एम हेल्पलाइन प्रकरणों का त्वरित निराकरण, एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में जैन द्वारा आगामी चरण हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।



### एकता समिति ने पुलवामा में शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**सागर।** एकता समिति ने गुजराती बाजार में एक बैठक का आयोजन कर पुलवामा में शहीदों को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम प्रारंभ करने के पूर्व भारत माता की जय के नारे लगाए। तत्पश्चात उपस्थित सदस्यों ने ६ साल पूर्व पुलवामा में आतंक वादी घटना में शहीद हुए सैनिकों का स्मरण कर दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने देश की रक्षा करते हुए सैनिकों के योगदान की सराहना की और विघटनकारी शक्तियों से सचेत रहने की अपील की। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुधीर जैन,सचिव कमल चंद जैन, संजय शास्त्री, चंपक भाई जैन, शरद गुप्ता, निलेश समैया, राजेंद्र मलैया, प्रमोद चौरसिया एवं गुजराती बाजार के व्यापारी गण उपस्थित थे। उपस्थित सभी ने भारत माता की जय के नारे लगाएं।

**शिवरात्रि पर विशेष : ग्रामीण बोले- खजाने की तलाश में हुआ क्षतिग्रस्त**

# लखेरा धाम खुरई 650 मीटर ऊंची पहाड़ी पर 20 साल पहले मिला था शिवलिंग : मिट्टी में दबा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

लखेरा धाम खुरई, विधानसभा क्षेत्रों की सीमा पर विंध्यगिरी पर्वतमाला में स्थित है। समुद्र तल से लगभग 650 मीटर ऊंची इस चोटी पर स्थित इस धार्मिक स्थल की खोज करीब 20 साल पहले चरवाहों ने की थी। यह स्थान धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ इतिहास और पुरातत्व में रुचि रखने वालों के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस स्थल से जुड़े कोई लिखित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, लगभग 20 साल पहले गाय चराते समय चरवाहों को यहां एक खंडित शिवलिंग मिला था। इस सूचना के बाद धीरे-धीरे यह स्थान भक्तों के लिए आस्था का केंद्र बन गया।

लखेरा धाम के महंत बाबा रामदास बताते हैं कि खजाने की तलाश में कई लोगों ने इस पहाड़ी पर सैकड़ों बार खुदाई की थी। उनका मानना है कि खुदाई के दौरान ही जमीन में दबा शिवलिंग खंडित हुआ होगा। वर्षों बाद यह खंडित शिवलिंग चरवाहों की नजर में आया और इस स्थान का महत्व सामने आया।

समीपस्थ गांव के प्यारेलाल कुशवाहा ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से खंडित शिवलिंग के दोनों हिस्सों को चबूतरा बनाकर स्थापित किया गया है। इसके अतिरिक्त, यहां एक नए शिवलिंग की भी स्थापना की गई है।

70 वर्षीय ग्रामीण अमर सिंह पटेल के अनुसार, उनके पूर्वज इस शिवलिंग का इतिहास कई साल पुराना बताते थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि क्षेत्र की सबसे ऊंची चोटी होने के कारण यह इलाका एक समय डकैतों का ठिकाना भी रहा था। संभवतः वे यहां भगवान भोले की पूजा करते रहे होंगे।



#### प्राकृतिक गुफा जो अब बंद हो चुकी है

तोड़ा काछी निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग जयराम रजक ने बताया कि इस पर्वत पर एक प्राचीन गुफा है। इस गुफा के प्रवेश द्वार को किसी खतरे के डर से हमारे पूर्वजों ने बंद कर दिया था। इस गुफा की लंबाई के बारे में किसी को कोई तथ्य ज्ञात नहीं हैं। वहीं अब मंदिर निर्माण के लिए यहां एक कृतिम गुफा तैयार करने का काम जारी है। जिसमें एक विशाल शिवलिंग के साथ ही शिव परिवार और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

#### शिवलिंग के आकार की है पहाड़ी

लखेरा धाम के नीचे मैदानी क्षेत्र में आने के बाद जब इस पहाड़ी की ओर ध्यान से देखेंगे तो यह एक विशाल शिवलिंग की भांति दिखाई देती है। क्षेत्र भर के लोग जब संसाधानों की कमी के चलते लखेराधाम नहीं पहुंच पाते तो दूर से ही शिवलिंग के आकार की इस पहाड़ी को नमन कर लेते हैं।

#### संसाधनों की कमी

सड़क और परिवहन की सुविधा ना होने के कारण भक्त तोड़ा काछी से होकर जाने वाले एक पहाड़ी रास्ते से करीबन चार किलोमीटर तक पैदल यात्रा कर लखेरा धाम पहुंचते हैं। इसके बावजूद यहां महाशिवरात्रि, बसंत पंचमी, नागपंचमी, सावन, नवरात्रि, हरि तालिका तीज और पर भक्तों का तंता लगा रहता है। तोड़ा काछी ग्राम पंचायत की सरपंच सविता रजक ने बताया कि हमारे अलावा आसपास की अन्य ग्राम पंचायतों के लोग भी लखेरा धाम और उससे आगे ज्वाला देवी धाम के लिए पहुंच मार्ग की मांग कई बार कर चुके हैं। इस मांग को लेकर वरिष्ठ स्तर पर कई ज्ञापन भी सौंपे गए लेकिन इस ओर अब तक गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया है।

#### लखेरा बाबा की कहानी

लखेरा धाम के लखेरा बाबा की एक किवदंति सुरखी विधानसभा में आने वाले ज्वालादेवी मंदिर से जुड़ी है। इस लोककथा के अनुसार सालों पहले जब पूरे क्षेत्र में सूखे की स्थिति बनी तो लोग मां ज्वालादेवी मंदिर जलंधर प्रार्थना करने पहुंचे। मां ने भक्तों से कहा की मंदिर के सामने वाली पहाड़ी पर उनके भाई लखेरा बाबा का निवास है और यदि उनसे प्रार्थना करोगे तो सारी समस्याओं का हल होगा। इसके बाद लोग लखेरा बाबा के पास पहुंचे और भजन-कीर्तन के बाद क्षेत्र में बारिश का दौरा शुरू हो गया।

#### कहां से कैसे पहुंचे लखेरा धाम

खुरई से लखेराधाम पहुंचने के लिए राहतगढ़ मार्ग पर चलकर ग्राम कठैली से मुड़कर कुल 18 किलोमीटर की दूरी तय करने पर तोड़ा काछी ग्राम पंचायत पहुंचेगे। यहां से करीब चार किलोमीटर का कच्चा और पहाड़ी रास्ता तय करने के बाद जंगल के बीचों-बीच लखेरा धाम मिलेगा। इसी प्रकार राहतगढ़-खुरई मार्ग पर बरौदिया नोनागिर से मुड़कर करीब 22 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद ग्राम तोड़ा काछी मिलता है। यहां से पुनः चार किलोमीटर का पहाड़ी रास्ता तय कर बाबा लखेरा के धाम पर पहुंचा जा सकता है। तीसरा मार्ग जिला मुख्यालय सागर से जरूआखेड़ा पहुंचकर जलंधर आना होगा और यहां से पहाड़ी रास्ते से होकर लखेराधाम पहुंचा जा सकता है। इस मार्ग की पूरी दूरी तकरीबन 50 किलोमीटर होगी। सागर से जरूआखेड़ा बस और ट्रेन से पहुंचा जा सकता है।



### श्री सीताराम लेखन प्रेमियों द्वारा किया गया भोले बाबा का भव्य अभिषेक

**सागर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर से आधा सैकड़ा की गिनती मे सीताराम लेखन प्रेमियों ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिशर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर मंदिर के पुजारी शिवदर्शन तिवारी के निर्देशन मे पूर्ण विधिविधान एवं मंत्रोचार के साथ मंदिर मे विराजमान भोले बाबा की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। उक्त जानकारी देते हुये सीताराम नाम बैंक जिला शाखा के सह व्यवस्थापक पं. श्री ब्रजेश द्विवेदी ने बताया कि आज कि पूजा अर्चना मे सिर्फ ओर सिर्फ गाय माता के दूध से निर्मित ही सामग्री का उपयोग सभी सीताराम लेखन प्रेमियों के द्वारा किया गया। जिसमे दूध, दही, ओर शुद्ध घी के आलावा जो मिस्ठान भोले बाबा जी को अर्पित किया गया वह भी गाय माता के दूध से ही बना हुआ था। द्विवेदी ने आगे बताया कि आज सुबह सभी लेखन प्रेमी 10बजे जय गुरुदेव भवन सनराईज मेगासिटी मे एकत्रित हुये ओर फिर एक साथ सिरोंजा स्थित शिव मंदिर पहुंचे ओर सर्वप्रथम भोले बाबा का अभिषेक किया। ततपश्चात उपस्थित लेखन प्रेमियों के द्वारा हर हर महादेव, जय शिवशंकर, बोल बम, के जयकारा लगाये गये ओर फिर भोले बाबा कि आरती की गईं। अंत मे सभी को प्रसादी वितरित की गईं। इस अवसर पर संध्या रामरतन तिवारी, सुनीति मुकेश श्रीवास्तव, अर्चना ब्रजेश द्विवेदी, सरोज शिवदर्शन तिवारी, सहित 50महिला एवं पुरुष सीताराम लेखन प्रेमी इस धार्मिक आयोजन मे उपस्थित रहे।



### वेद मंत्रों की ध्वनि से गुंजायमान हुआ गुरोन निवास, अभिषेक पूजन, प्रसादी का वितरण

**सागर।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया। जगह-जगह अभिषेक हवन पूजन किया गया, तो वही मकरोनिया में गुरोन निवास पर भी बाबा महाकाल का अभिषेक पूजन और हवन संपन्न हुआ। वेदपाठी ब्राह्मण द्वारा वेद मंत्रों के साथ सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जन सेवक मनी सिंह ने बाबा का अभिषेक किया और आरती पूजन के बाद प्रसादी में खीर का वितरण किया। जिसमें अनेक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरोन निवास पर जब बाबा महाकाल का अभिषेक शुरू हुआ तो पूरा परिसर मंत्रों की ध्वनि से गूंज उठा और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। आयोजन में गुरोन परिवार के अलावा अस्पताल स्टाफ और अन्य कर्मचारी भी शामिल हुए और पूरा परिषर हर हर महादेव के जय घोष से गूंज उठा तो वही प्रसाद वितरण के दौरान अनेक धर्मबलंबियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ईश्वर के सभी नाम परमात्मा के गुणों को प्रदर्शित करते हैं : परमहंस स्वामी मुक्तानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

परमात्मा अनादि अनंत और सर्वव्यापी है जिसका मूल ओम है जो ब्रह्याण्ड का नाद और प्रकृति के कण-कण में व्याप्त है, ईश्वर के कई नाम है जो उसके गुणों को प्रदर्शित करते है, सभी में रमने वाले राम वाले है, सबको आकर्षित करने वाले कृष्ण है, मन के विकारों को हरने वाले हरि है। ये सब जो नाम है वो परमात्मा के गुणों को प्रदर्शित करते है। उक्त बात परमहंस स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने देवरी नगर के कौशलकिशोर वार्ड स्थित मुक्तिधाम में आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में श्रद्धालुओं का अघ्यात्मिक मार्गदर्शन करते हुए कही। उन्होने कहा कि ओम नमःशिवाय उस परमात्मा के नाम का जाप है जिसमें सृष्टि का कल्याण समाहित है। ओम का जाप करने से मन के विकारों पर प्राप्त होगी।



आपके मन के विकार दूर होंगे और आप काम क्रोध, मोह, लोभ, अहंकार से मुक्त होंगे, इसके जाप से आपका पुण्यकाल बढ़ेगा और मन में स्थिरता और शांति आयेगी। उन्होने कहा कि ओम शब्द में आपकी सांसों का प्रवाह है, ये एक मात्र शब्द है जो आपके शरीर के रक्त प्रवाह को संचारित करता है। उन्होने कहा कि कबीर दास जी ने कहा है ये मुर्दो का देश इसका अर्थ है, हम सभी इस नाश्वर शरीर को अपना घर मान बैठे है। परंतु इस शरीर में बैठे परमात्मा रूपी जीव अंश के स्वरूप को नही पहचान रहे है। उन्होने कहा कि शिव कल्याण का रूप है जो प्रकृति में सभी प्राणियों का कल्याण करते है, शिवरात्रि कल्याण की रात्रि है। उन्होने कहा कि सभी धार्मिक ग्रंथ वेद, पुराण, गायत्री मंत्र सभी बुद्धि की शुद्धि करते है। अपने आशीष वचनों ने उन्होने विभिन्न धातुओं के शरीर पर प्रभाव और दुष्प्रभावों से अवगत करते हुए, शरीर को विभिन्न रोग और व्याधियों से मुक्त करने के लिए योग और ध्यान के लाभ से परिचत कराया। स्वामी जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को ओम जाप अभ्यास की जानकारी देते हुए गायत्री मंत्र के अध्यात्मिक अर्थ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने मुक्तिधाम में जन सहयोग से संचालित मरघट महेश्वर गौशाला का निरीक्षण किया एवं गायों को विशेष आहार खिलाया।

इससे पूर्व मरघट महेश्वर गोशाला समिति के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा अमृत झिरिया आश्रम से पधारे परमहंस स्वामी मुक्तानंद जी महाराज की बड़ेरिया तिराहे पर आगवानी की एवं जयकारे लगाते हुए मुक्तिधाम मार्ग की ओर रवाना हुए। इस दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा रंगोली सजाकर एवं कलश रखकर स्वामी जी की आगवानी कर आरती उतारी गई। कार्यक्रम में पूजा एवं आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के उपरांत नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति नेहा अलकेश जैन ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अलकेश जैन, समिति अध्यक्ष शरद सोनी, सन्नू नामदेव, संजय वर्मा, अतुल जैन, घनश्याम सेन, अंकू नामदेव, कुलदीप साहू, रमित जारौलिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### बीज सखी प्रशिक्षण 17 18 फरवरी को पारंपरिक बीजों के संरक्षण का अभियान

**सागर।** मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला-सागर द्वारा पारंपरिक बीजों के संग्रहण, संरक्षण एवं प्रजनन के उद्देश्य से 'बीज सखी प्रशिक्षण' का आयोजन 17-18 फरवरी 2026 को किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आजीविका भवन, खुरई में आयोजित होगा।

### एमपी का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बनेगा चीतों का घर, सॉफ्ट रिलीज बोमा का निर्माण शीघ्र आरंभ

**सागर।** मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही), चीतों के पुनर्वास के लिए तैयार है। वन मंडल अधिकारी वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही) ने बताया कि चीता परियोजना के तहत, सॉफ्ट रिलीज बोमा निर्माण कार्य की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है। शीघ्र ही सॉफ्ट रिलीज बोमा का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जाएगा। बोमा अफ्रीकी तकनीक है। जिसका उपयोग वन्यजीवों को पकड़ने और स्थानांतरित करने में किया जाता है। बोमा का उपयोग चीता पुनर्वास परियोजना में किया जा रहा है। यह एक विशेष, सुरक्षित और बड़ा घेरा या बाड़ा होता है, जिसका उपयोग अफ्रीका से लाए गए चीतों को भारत के नए माहौल में ढलने (अनुकूलन), स्वास्थ्य जांच, शिकार के लिए प्रशिक्षित करने और सॉफ्ट रिलीज (स्वतंत्र छोड़ने से पहले) के लिए किया जाता है। बोमा (बाड़े) में आने वाले चीतों को छोड़ा जाएगा। यहां चीतों के स्वास्थ्य की निगरानी की जाएगी। सीसीटीवी कैमरों से उनकी हर हरकत पर नजर रखी जाएगी। इस दौरान उन्हें नए परिवेश और वातावरण के साथ तालमेल बिठाने में मदद मिलती है। यह फनल आकार का बाड़ा घास और हरे जालों से बना होता है, जो चीतों को तनाव-मुक्त रखने में मदद करता है।

**शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रैंक होल्डर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया**

## आव्या पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल में सम्पन्न हुआ वार्षिक महोत्सव उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आव्या पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल, खुरई में वार्षिक महोत्सव "उड़ान" का आयोजन अत्यंत भव्यता, अनुशासन और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट एवं प्रकाश व्यवस्था से सुसज्जित किया गया था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जियो के कार्यवाह सी.पी. रावत जी रहे। अध्यक्षता आर.एस. शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में दिनेश दुबे , प्राचार्य पॉलिटेक्निक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर अमित दुबे, प्राचार्य महोदय एवं अन्य गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्य महोदया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और "उड़ान" थीम की सार्थकता बताते हुए कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को नई दिशा देने का प्रयास है। उनके प्रभावशाली संबोधन ने पूरे वातावरण में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया। विद्यालय के बैंडसेट द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया, जिसने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। विद्यार्थियों ने अनुशासनबद्ध मार्चपास्ट एवं आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से अतिथियों का अभिनंदन किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में समूह नृत्य, सामाजिक मीडिया के सदुपयोग पर आधारित संदेशात्मक नाटक, महाभारत पर प्रभावशाली अभिनय, पारंपरिक बुंदेली बधाई तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों के मनमोहक डांस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुंदेलखंड स्टार राघवेंद्र लोधी, शिवम एवं उनकी टीम की उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सी.पी. रावत ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि "केवल चार वर्षों में जिस प्रकार विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, वह अत्यंत सराहनीय है। यह सफलता केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कार आधारित वातावरण के कारण संभव हो पाई है। आव्या पब्लिक कॉन्वेंट स्कूल ने अल्प समय में ही क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बनाई है।"

अध्यक्षता कर रहे आर.एस. शर्मा ने कहा कि विद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों पर दिया जा रहा विशेष ध्यान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमाण है। विशेष अतिथि दिनेश दुबे ने भी विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं मंच प्रस्तुति की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रैंक होल्डर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही राज्य एवं संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित कर पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित होते देख अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण, नगर के गणमान्य नागरिक एवं सम्माननीय पत्रकारगण उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर विद्यालय के प्रतिनिधि मनोज दुबे ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अपहरण-रेप मामले में दोषी को 10 साल की जेलः खुरई कोर्ट ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश शोएब खान की अदालत ने अपहरण और रेप के एक मामले में आरोपी सुनील सेन (35) को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने उसे 10 साल के सश्रम कारावास और जुर्माने से दंडित किया। सुनील सेन रायसेन जिले के बेगमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भूरेरू का निवासी है। इस मामले में अपर लोक अभियोजक बलवीर सिंह ने पैरवी की।शासकीय लोक अभियोजक बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि यह घटना 8 अप्रैल 2023 की रात की है। पीड़िता अपने घर से लापता हो गई थी, जिसके बाद परिजनों की रिपोर्ट पर खुरई ग्रामीण थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुनील सेन के खिलाफ मामला दर्ज किया। मेडिकल परीक्षण में रेप की पुष्टि हुई थी।

#### बचाव पक्ष ने की थी अपील



सुनवाई के दौरान, अभियोजन पक्ष ने घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के लिए कठोर दंड की मांग की। वहीं, बचाव पक्ष ने इसे आरोपी का पहला अपराध बताते हुए न्यायालय से दया की अपील की थी। सभी साक्ष्यों और तथ्यों पर विचार करने के बाद, न्यायालय ने आरोपी को धारा 366 के तहत 7 साल का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए का जुर्माना सुनाया। इसके अलावा, धारा 376(1) के तहत उसे 10 साल का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को प्रत्येक धारा में 6-6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

### जिले की सबसे बड़ी टंकी का जेल के सामने हुआ भूमिपूजन

# भाजपा कांग्रेस के संगम से मिली अब तक की सबसे बड़ी पानी टंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ज़ब देश के दो मुख्य बड़े दलों के नेता एक होकर विकास करने के लिये मैदान में उतरते है तो इतिहास बन जाता है। यही हुआ आज जिले के मुख्यालय पर जेल के सामने नगर पालिका द्वारा आयोजित एक भूमिपूजन कार्यक्रम में, जहाँ संपूर्ण जिले के इतिहास में सबसे बड़ी पानी की टंकी के निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में अपने आपसी मतभेद भुलाकर भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने तालमेल दिखाते हुए एक ही जगह पर एकसाथ उपस्थिति दर्ज कराई। नगर पालिका द्वारा नलजल योजना के तहत शहर में पानी की 4 टंकियों का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें जेल के सामने अब तक की सबसे बड़ी टंकी का निर्माण किया जाना है।

उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद डॉ वीरेंद्र कुमार खटीक, कांग्रेस से वर्तमान विधायक यादवेन्द्र सिँह बुंदेला, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक, भाजपा की ओर से नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे रानू, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि सूर्यप्रकाश मिश्रा दद्दी, गौरव शर्मा, महेंद्र जैन बड़ागांव के अलावा नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया, जलप्रदाय समिति प्रभारी अनीश खान सहित पार्षद ब्रजकिशोर तिवारी, फरीद खान, ध्रुव यादव, रामकुमार यादव, अजय यादव, देवीलाल अहिरवार, राजीव वर्धमान सहित अन्य जनप्रतिनिधि व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




## 2100 केएल की टंकी सहित बनेगी 4 पानी की टंकी

नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने बताया कि नगर पालिका द्वारा नलजल योजना के तहत 33 करोड़ रूपये के भारी भरकम बजट से शहर में 4 पानी की टंकियों का निर्माण किया जाना है। जिसमें से 2100 केएल की सबसे बड़ी टंकी जेल के सामने बनाई जानी है। जिसका भूमिपूजन किया गया है। इसके अलावा 875 केएल की एक टंकी नए बस स्टैंड के पास, 900 केएल की एक टंकी ढोंगा पर और 850 केएल की एक टंकी डुमरऊ पर बनाई जानी है। नपाध्यक्ष मलिक ने बताया कि 33 करोड़ के बजट में पानी की 4 टंकियों के अलावा शहर में नल की पाईप लाईन भी बिछाई जानी है। इन टंकियों के निर्माण के बाद शहर में कही भी नल से पानी पहुंचाया जाना शेष नहीं रह जायेगा। शहर के प्रत्येक घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुंचेगा।

### आखिर 1 केएल में कितने लीटर होता है पानी

नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिँह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जेल के सामने बनने बाली सबसे बड़ी पानी की टंकी की क्षमता 2100 केएल की है। इसमें केएल का अर्थ किलोमीटर होता है। और 1 केएल में 1000 लीटर पानी मापा जाता है। और अगर 1 केएल को घन मीटर में मापा जाये तो 1 केएल में 1 घनमीटर पानी मापा जाता है। इस प्रकार से जेल के सामने बनने बाली 2100 केएल की क्षमता बाली पानी की टंकी में 21 लाख लीटर या 2100 घनमीटर पानी का भराव होगा।

### 8 पानी की टंकिया मौजूद, सबसे बड़ी 900 केएल की ढोंगा टंकी




नगर पालिका ने बताया कि अभी शहर में 8 पानी की टंकिया पूर्व से मौजूद है, जिनमे से सबसे बड़ी पानी की टंकी 900 केएल की है। जो ढोंगा पर स्थित है। इसके अलावा 900 केएल की एक टंकी, 681 केएल की दो टंकी और बाकि पानी की टंकिया 454 केएल क्षमता की बनी हुई है। इसका मतलब अभी तक शहर में 1000 केएल क्षमता की भी कोई टंकी मौजूद नहीं थी लेकिन अब जेल के सामने 2100 केएल क्षमता की पानी की सबसे बड़ी नई टंकी बनने जा रही है।

### बढ़ती आबादी को देख पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने कर रहे जल संसाधनों का विस्तार

नपाध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक के नेतृत्व में किये गये अमृत 2.0 योजना के तहत भूमि पूजन कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए नपाध्यक्ष मलिक ने बताया कि जिले की सबसे बड़ी पेयजल टंकी बनाने का मूल उद्देश्य ये है कि अमृत 2.0 योजना के माध्यम से शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा और भविष्य में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए जल संसाधनों का विस्तार किया जा रहा है। नपाध्यक्ष मलिक ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना नगर पालिका की पहली प्राथमिकता है।

### सुरक्षित व खुशहाल परिवार ही बनाता है सशक्त समाजः मंडलोई

# एसपी के परिवार जोड़ो अभियान से 81 परिवारों में फिर जग गया साथ निभाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व के रूप में जिले में संचालित पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई की अभिनव पहल परिवार जोड़ो अभियान आज जिले में संवाद-आधारित पुलिसिंग का एक प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है। क्योंकि इस परिवार जोड़ो अभियान के तहत 81 परिवारों में पुनः साथ निभाने का संकल्प जागृत हुआ है। पुलिस विभाग ने बताया कि यह अभियान इस विचार पर आधारित है कि हर पारिवारिक विवाद केवल कानूनी प्रक्रिया से नहीं, बल्कि संवाद, सहानुभूति, परामर्श और विश्वास के माध्यम से भी सुलझाया जा सकता है। जिला पुलिस कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाते हुए अपने सामाजिक दायित्व को भी समान प्राथमिकता दे रही है ताकि टूटते रिश्तों को संभाला जा सके और बिखरते परिवारों को फिर से एकजुट किया जा सके। इसी के तहत संचालित परिवार जोड़ो अभियान अनेक परिवारों के लिए आशा की नई किरण सिद्ध हुआ है।



इस पहल के अंतर्गत पारिवारिक विवादों में कानूनी कार्रवाई से पूर्व दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर धैर्यपूर्वक संवाद, काउंसलिंग और भावनात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। अब तक जिले में 81 परिवार पुनः एकजुट हो चुके हैं। यह केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि उन घरों में लौटी मुस्कान, विश्वास और आत्मीयता की जीवंत कहानियाँ हैं। हाल ही में बड़ागाँव थाना में राजकुमारी एवं उनके पति पप्पू आदिवासी के बीच आपसी मतभेद एवं विवाद की शिकायत पुलिस को प्राप्त हुई थी । जिस पर बड़ागांव थाना द्वारा दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक विस्तार से काउंसलिंग एवं समझाइश दी गई। संवेदनशील संवाद, सहानुभूतिपूर्ण सुनवाई और संतुलित मार्गदर्शन के परिणामस्वरूप दोनों पक्ष राज़ी-खुशी से पुनः साथ रहने के लिए सहमत हुए। इस प्रयास से एक और परिवार टूटने से बच गया। बड़ागांव थाना की यह परंपरा निरंतर जारी है, जहाँ कानून के साथ-साथ करुणा भी समान रूप से उपस्थित रहती है।

एसपी मंडलोई के परिवार जोड़ो अभियान के तहत अब तक जिले में 81 परिवार पुनः एकजुट हुए है। दहेज प्रताड़ना के मामलों में 54.12 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई है। वर्ष 2024 में 109 प्रकरण एबं वर्ष 2025 में 50 प्रकरणो का निराकरण किया गया है। इन परिणामों से स्पष्ट है कि संवाद आधारित पुलिसिंग से न केवल कानूनी विवादों में कमी आई है, बल्कि सामाजिक संतुलन भी सुदृढ़ हुआ है। इसके अतिरिक्त अनावश्यक आपराधिक प्रकरणों में कमी, महिलाओं को संवेदनशील सुनवाई एवं सुरक्षित समाधान का भरोसा, परिवारों में मानसिक तनाव एवं सामाजिक कलह में कमी, पुलिस और आमजन के मध्य विश्वास एवं सहयोग में वृद्धि भी हुई है। इस मानवीय पहल को सफल बनाने में बड़ागांव थाना प्रभारी जयेन्द्र गोयल, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र, महिला प्रधान आरक्षक नूरी की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

परिवार जोड़ो अभियान केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि संवाद, सम्मान और भावनात्मक सशक्तीकरण की सामाजिक मुहिम है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है। हम समाज में विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता की संस्कृति को मजबूत करना चाहते हैं। एक परिवार का सुरक्षित और खुशहाल रहना पूरे समाज को सशक्त बनाता है।

### भेदभाव के चलते कारी नगर में बिगड़े सामजिक सौहार्द की हुई थी शिकायत

# देहात पुलिस की अभिनव पहल ने मनभेद मिटाकर जोड़े दिल, दो समाज में तालमेल बैठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बिगत दिनों भेदभाव के चलते दो समाजो के आमने सामने आ जाने और पुलिस थाने में शिकायत करने को लेकर सामजिक सौहार्द बिगड़ने की खबर सामने आई थी। जिसमें मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई ने तत्कालीन संज्ञान लिया। जिसके सुखद परिणाम स्वरूप पुलिस के प्रयासों के चलते आख़रिकार दोनों समाजो में आपसी तालमेल बैठाया गया और मनभेद दूर करते हुए दोनों समाजो के दिल मिलाये गये। एसपी मंडलोई के निर्देशन और एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव द्वारा किये गये सार्थक प्रयास से दोनों समाजो के बीच बिबाद को समाप्त कराया गया।

उल्लेखनीय है कि देहात थाना अंतर्गत नगर परिषद कारी में वंशकार समाज के लोगों द्वारा थाने में लिखित शिकायत की गई थी कि सेन समाज के लोगों द्वारा भेदभाव के चलते अपनी दुकानों पर बंशकार समाज के लोगों के बाल नहीं काटे जा रहे हैं और अगर कोई बाल कटवाने जाता है तो सेन समाज के लोग वंशकार समाज के लोगों के बाल नहीं काटते हैं। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा द्वारा संचालित बुंदेली जन चौपाल कार्यक्रम के



माध्यम से उक्त मामले में आपसी भाईचारा और सामाजिक सौहाद्र बनाए रखने के उद्देश्य से पहल की गईं। जिसमें एसडीओपी राहुल कटरे के निर्देशन में देहात थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव द्वारा दोनों पक्षों के लोगों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सेन समाज एवं वंशकार समाज की बैठक कर दोनों का पक्ष सुना गया। और दोनों समाज के लोगों का पक्ष सुनने के बाद उन्हें ग्राम कारी में आपसी तालमेल एवं सामाजिक सौहाद्र बनाए रखने की सलाह दी गई। पुलिस की उक्त सलाह से दोनों पक्षों के लोग आपसी सहमति से तैयार हुए। जिसके बाद सेन समाज के लोग वंशकार समाज के लोगों के बाल काटने को तैयार हुए। इस प्रकार आपसी तालमेल एवं सूझबूझ से उक्त समस्या का सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण हुआ। जिसके बाद दोनों पक्ष के लोगो ने एक दूसरे पर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं किये जाने की बात कही। दोनों पक्षों के लोगों ने मिलकर आपसी भाईचारा कायम कर समस्या का निराकरण किया। इस दौरान गोरेलाल सेन राष्ट्रीय अध्यक्ष सेन समाज, धनीराम सेन जिला अध्यक्ष सेन समाज के अलावा किशोरी सेन, अमर सेन, रामेश्वर सेन, अमन वंशकार जिला महामंत्री बंशकार समाज, बृजेश बंशकार, अनिल वंशकार, रिंकू वंशकार, हरिप्रसाद वंशकार, शिवचरण वंशकार, राहुल वंशकार, बृजेश वंशकार जिला मीडिया प्रभारी, शत्रुघ्न वंशकार, शिवचरण वंशकार, शिव वर्मा एवं अन्य लोग बैठक में शामिल रहे। उक्त समस्या के निराकरण में कारी बीट प्रभारी प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, महिला आरक्षक शिवानी दांगी, आरक्षक कमल की सराहनीय भूमिका रही।

### सतर्कता, अनुशासन व सहभागिता ही सुरक्षित समाज की आधारशिला

# एसपी मंडलोई ने की वैवाहिक सीजन में सतर्कता की अपील, सुरक्षा एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में शांति, कानून-व्यवस्था एवं नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा समस्त जिलेवासियों के लिये सुरक्षा परामर्श की एडवाईजरी जारी की गईं है। विशेष रूप से वर्तमान वैवाहिक सीजन एवं सार्वजनिक आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे अनुशासन, सतर्कता एवं विधिक दायित्वों का पालन करें। एसपी मंडलोई द्वारा जारी की गईं एडवाईजरी में अपराध निवारण संबंधी आवश्यक निर्देश जारी करते हुए संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिये भी सलाह दी गईं है। जिसमें बताया गया है कि घर, दुकान अथवा प्रतिष्ठान को बंद करते समय सुरक्षित ताले एवं यथासंभव सीसीटीवी प्रणाली का उपयोग करें। रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित रखें। अपरिचित व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम थाना या डायल 112 पर दें।

सार्वजनिक स्थलों पर कीमती आभूषण एवं नकदी का अनावश्यक प्रदर्शन न करें। बैंक से बड़ी राशि निकालते समय सतर्क रहें। और आवश्यकता होने पर पुलिस सहायता प्राप्त करें। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यक्तिगत सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करें। घरों में एंट्री व एक्ज़िट प्वाइंटों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य




लगवाएँ। घरों में अधिक नगदी एवं आभूषण न रखें बैंक खातों एवं लॉकरों का उपयोग करें। घर या मुहल्लों में अजनबियों या संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या चौकी को दें । वैवाहिक सीजन को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा निर्देश जारी करते हुए बताया गया कि प्रवेश एवं निकास द्वारों पर नियंत्रित व्यवस्था रखें। सीसीटीवी कैमरे सक्रिय अवस्था में रखें। कीमती आभूषण एवं नकदी सुरक्षित स्थान पर रखें। आयोजन स्थल पर अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रखें। मैरेज गार्डन या खुले स्थल आयोजन में शामिल होने पर पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रखें। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। डीजे या ध्वनि स्तर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप रखें। बारात या जुलूस के दौरान यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें।

हथियारों का प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित है जिसपर उल्लंघन पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। विवाह समारोह में अत्यधिक मात्रा में आभूषण या नकदी साथ रखने से बचें। बैंक लॉकर का उपयोग प्राथमिकता से करें। अवैध शराब, मादक पदार्थों का सेवन अथवा विक्रय दंडनीय अपराध है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना गोपनीय रूप से पुलिस को प्रदान करें। किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक या संदेश पर व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। ओटीपी, पासवर्ड एवं वित्तीय विवरण पूर्णतः गोपनीय रखें।साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। पुलिस बिभाग ने अपील करते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा एवं सम्मान की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। अपराध की रोकथाम सामूहिक सहयोग से ही संभव है। प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा है कि वह विधि का पालन करे, सतर्क रहे तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करे।

# अमेरिकी दबाव में झुका केंद्रः हरदयाल सिंह लोधी

### आयात शुल्क बढ़ोतरी से किसान-उद्योग संकट में: आप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आप नेताओं ने इसे देश के किसानों, छोटे उद्योगों और आम नागरिकों के हितों के खिलाफ बताते हुए तत्काल अमेरिकी दबाव में लिए गए फैसलों को वापस लेने की मांग की है।

आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार अमेरिकी दबाव में आकर ऐसे निर्णय ले रही है, जिनसे देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को नुकसान पहुंच रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आयात शुल्क बढ़ोतरी से भारतीय कृषि उत्पाद, लघु एवं मध्यम उद्योग तथा रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। आप नेताओं ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से भारतीय किसानों की फसलों के निर्यात पर संकट खड़ा हो गया है, वहीं छोटे व्यापारी और कारीगर भी आर्थिक दबाव में आ गए हैं। इससे महंगाई बढने और आम उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ पडने की आशंका है।

### कलेक्टर ने क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए उदाहरण देकर की एक प्रेरणादायक अपील

# स्वच्छता जिम्मेदारी निर्वहन में वाश ऑन व्हील्स अत्यंत उपयोगी पहलः श्रोत्रिय


हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय जिले का कायाकल्प करने और आमजनता को कायाकल्प कराने में सहयोग करने के लिये प्रेरित करने के लिये भिन्न भिन्न तरीके अपनाकर प्रयासरत रहते ही है। जिसमें कलेक्टर श्रोत्रिय स्वयं किताबों, सोशल मीडिया का अध्ययन करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से जिलेवासियो को समय समय पर जागरूक करते रहते है। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्रोत्रिय ने सोशल मीडिया के माध्यम से जिलेवासियों से अपील करते हुए स्वच्छता बनाये रखने के लिये वाश ऑन व्हील्स पहल की उपयोगिता से परिचित कराया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि वाश ऑन व्हील्स एक अत्यंत उपयोगी पहल है, जिसके माध्यम से कोई भी संस्था या समुदाय अपने सार्वजनिक शौचालय, सामुदायिक भवन, विद्यालय, विवाह स्थल, पार्क, होटल, धर्मशाला, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र, धार्मिक स्थल या किसी भी सार्वजनिक आयोजन स्थल की पेशेवर सफाई के लिए सफाई टीम बुला सकता है।

**बैठक में कुंडेश्वर मंदिर प्रशासन को जागरुक कर किया पहल का शुभारंभ-** कलेक्टर श्रोत्रिय ने महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियो को लेकर पूर्व में कुंडेश्वर मंदिर परिसर में की गईं बैठक के दौरान वाश ऑन व्हील्स पहल के बारे में



मंदिर प्रशासन को जानकारी देकर प्रेरित किया। जिसके सुखद परिणाम स्वरूप कुंडेश्वर मंदिर प्रशासन द्वारा उक्त वाश ऑन व्हील्स पहल का उपयोग किया गया। तब कलेक्टर श्रोत्रिय ने वीडियो जारी कर उक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जिले के निवासियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूक करते हुए बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर हुई बैठक में चर्चानुसार इस वर्ष मंदिर प्रशासन ने कुंडेश्वर मंदिर के सार्वजनिक शौचालय की स्वच्छता के लिए इस सेवा का उपयोग किया गया है। साथ ही टीकमगढ़ जनपद



पंचायत के सीईओ को इसका समन्वयन का कार्य दिया गया है। इस बार मंदिर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की भी विशेष व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने जिलेवासियो से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिये मैं टीकमगढ़ के सभी नागरिकों, संस्थाओं, स्कूल प्रबंधन, होटल संचालकों, मैरिज गार्डन मालिकों, सामाजिक संगठनों एवं धार्मिक समितियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस प्रभावी डिजिटल माध्यम का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपने क्षेत्र को स्वच्छ

### आखिर क्या है मोबाइल आधारित स्वछता पहल वाश ऑन व्हील

प्रदेश की ग्रामीण पंचायतों में साफ सफाई को लेकर बड़ा बदलाव किया जा रहा है। शहरों की तर्ज पर गांवों में भी मोबाइल ऐप आधारित सफाई सेवा ह्यवॉश ऑन व्हील शुरू कर दी गई है। इस नवाचार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने लागू किया है, जिसकी शुरुआत भोपाल और छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायतों से हो चुकी है। इसके लिए प्रदेश के सभी 55 जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बने व्यक्तिगत, संस्थागत और सामुदायिक शौचालयों की नियमित और गुणवत्तापूर्ण सफाई सुनिश्चित करना है। खास बात यह है कि अब कोई भी नागरिक मोबाइल ऐप के माध्यम से शौचालय सफाई की मांग कर सकेगा। इसके लिये घरेलू व संस्थागत अलग अलग बहुत ही कम किफायती शुल्क भी तय किया गया है। प्रदेश में गांवों को 19 क्लस्टर में बांटकर मैप किया गया है। इसके तहत 16 स्वच्छता साथियों को चिहिन्त किया गया है, जो समय पर सफाई सेवा उपलब्ध कराएंगे।

### इन संस्थानों के सफाई स्थल है वाश ऑन व्हील्स में शामिल

मोबाइल आधारित स्वछता अभिनव पहल वॉश ऑन व्हील्स में ग्रामीण क्षेत्रों के संस्थागत और सामुदायिक शौचालयों के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, मैरिज गार्डन, स्कूल, आंगनबाड़ी, सामुदायिक केंद्र, पंचायत भवन, पेट्रोल पंप, टोल टैक्स प्लाजा, एनएचएआई और अन्य शासकीय शौचालय भी इस सेवा के दायरे में आएंगे। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

### इनका कहना है...

जिले वासियो को वॉश ऑन व्हील सेवा का उपयोग प्रारंभ करना चाहिए, इससे पंचायतों में घरेलू और संस्थागत शौचालयों की सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, साथ ही इससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। मोबाइल ऐप के जरिए किफायती निर्धारित शुल्क जमा कर लोग सीधे सफाई कर्मचारी बुला सकेंगे।

**विवेक श्रोत्रिय कलेक्टर टीकमगढ़**

### ग्राइंडर में उलझकर बुरी तरह क्षत-विक्षत हुए बुजुर्ग का डॉ बृजेन्द्र ने जटिल ऑपरेशन किया

# सबने छोड़ी जिंदा रहने की उम्मीद पर भगवान की तरह जान बचाने आए डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

डॉक्टर को धरती का भगवान क्यों कहा जाता है इसकी बानगी श्योपुर के जिला अस्पताल में उस समय देखने को मिली, जब गंभीर अवस्था में हॉस्पिटल लाए गए बुजुर्ग लडडूलाल का डॉ बृजेन्द्र स्वरूप ने जिला अस्पताल की टीम के साथ मिलकर जटिल ऑपरेशन कर न सिर्फ उसकी जान बचाई बल्कि बुरी तरह क्षतविक्षत हुए अंगों का दोबारा से प्रत्यारोपण भी कर दिया। जिस घायल का ऑपरेशन कर जान बचाई गई,उसकी हालत को देखते हुए परिजन तक भी उसके का जीवित रहने की उम्मीद छोड़ चुके थे।

सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने बताया कि लड्डू लाल नामक करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल श्योपुर के इमरजेंसी रूम में लाया गया। परिजनों ने बताया कि घर पर कार्य करते समय ग्राइंडर मशीन के ब्लेड से दुर्घटना हो गई, जिससे दाहिनी ओर की अंडकोष की थैली से आंत बाहर निकल आई। हादसे में आंतें कट गईं और दाहिना अंडकोष भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। देखने पर हादसा बेहद गंभीर लग रहा था। खून इतना अधिक बह गया था कि उसे और इंतजार नहीं कराया जा सकता था इसलिए रेफर करना भी खतरे से खाली नहीं था। सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने मेडिकल कॉलेज के लिए पदस्थ किए गए वरिष्ठ चिकित्सक बृजेंद्र स्वरूप को बुलाया तो उन्होंने पहली ही नजर में देखते हुए तत्काल ऑपरेशन की स्वीकृति दे दी और टीम बनाकर ऑपरेशन में जुट गए चूंकि ऑपरेशन छोटे से स्थान से निकली ढेर सारी आंतों को पहले सिलने और बाद में समेट कर उन्हें फिर सही जगह फिट करने का था इसलिए इस जटिल ऑपरेशन में घंटों का समय गुजर गया लेकिन डॉक्टर बृजेंद्र ने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए न सिर्फ बुजुर्ग की जान बचा ली बल्कि उन अंगों को भी उन्हें स्थान पर प्रत्यारोपित भी कर दिया जो असंभव दिखाई दे रहा था। इस ऑपरेशन में डॉ. ब्रजेंद्र स्वरूप का सहयोग वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ. प्रशांत, डॉ. रिज़वान एवं सहयोगी डॉ. करण,डॉ योगेश रावत वरिष्ठ निश्चेतना विशेषज्ञ, ओटी इंचार्ज ममता ,स्टाफ नर्स पूजा, अतुल और ब्रिजेश का सहयोग प्राप्त हुआ।




#### रैफरल सिस्टम को रोकने में सफल रहे डॉ बृजेंद्र

मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पदस्थ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बृजेन्द्र स्वरूप अब किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कुछ महीनों में ही ऐसे ऐसे जटिल ऑपरेशन कर लोगों की जान बचाई हैं जिनके आपरेशन कोटा इंदौर जयपुर जैसे महानगरीय चिकित्सीय सुविधा वाले शहरों में ही संभव था। ऐसे कई ऑपरेशन के द्वारा किए गए जो जयपुर भोपाल अथवा मुंबई में इलाज कर रहे थे और पैसा नहीं होने की वजह से वह वहां से बिना ऑपरेशन कराए ही वापस आ गए ऐसे जटिल ऑपरेशन कर उन्हें दोबारा से जीने का अवसर डॉक्टर बृजेंद्र के द्वारा दिया जा चुका है। अब दुर्घटनाओं में घायल होने या किसी भी बीमारी के जटिल ऑपरेशन के लिए जिला अस्पताल से मरीजों को रेफर नहीं किया जाता उनके ऑपरेशन करने की व्यवस्था मेडिकल कॉलेज के टीम के द्वारा यही की जा रही है।

#### आसान काम नहीं था बाहर निकली आंतों को जोड़ना

ग्राइंडर में फंसकर बाहर निकली और ब्लेड से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी आंतों को दोबारा से जोड़ना और उन्हें वापस सही जगह फिट करना आसान काम नहीं था मरीज को जिस हालत में लाया गया था उसे देखते हुए ढेर सारी आंतों को वापस अंडकोष ग्रंथि के माध्यम से वापस सेट करना नामुमकिन दिखाई पड़ रहा था पर टीम ने यह काम सफलता पूर्वक अंजाम दिया। डॉ बृजेन्द्र स्वरूप ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान बाहर निकली क्षतिग्रस्त आंत के हिस्से की कटाई (रिसेक्शन) कर आंत को पुनः जोड़ने की प्रक्रिया (एनेस्टोमोसिस) की गई जो बेहद जटिल थी। गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त दाहिने अंडकोष को हटाते हुए राइट ऑर्किडेक्टॉमी की गई। साथ ही दाहिने इन्गुइनल कैनाल की दीवार की अच्छे से मरम्मत की गई ताकि जान बचने के साथ साथ वो अंग पूर्व की तरह काम करने लायक हो जाए जो क्षतिग्रस्त हो गए थे।

### सैय्यदना ने भेजा तोहफ़ा किया अस्पताल प्रबंधन के सुपुर्द

# सामाजिक सद्भावना से बड़ा नहीं है कोई दूसरा परोपकार:सुधीर कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



भारत जैसे देश में सामाजिक सद्भावना से बड़ा परोपकार कोई दूसरा नहीं हो सकता और इस परोपकार को दाऊदी बोहरा समाज और उनके धर्म गुरु ने अच्छे से निभाया भी है। उसकी बानगी आज हमें जिला अस्पताल में देखने को मिल रही हैं। पीड़ित मानवता सेवार्थ के लिए सैयदना साहब ने जो चिकित्सीय और दूसरी जरूरतों को पूरा करने वाले उपकरण भेजे हैं उनकी यहां जरूरत थी। यह बात रविवार को दाऊदी बोहरा समुदाय द्वारा जिला अस्पताल में आयोजित उपकरण वितरण कार्यक्रम में भागीदारी करने मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने संबोधन देते हुए कही।

विगत दिनों प्रवास पर श्योपुर पहुंचे दाउदी बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन को अस्पताल प्रबंधन ने चिकित्सीय उपकरणों का जो मांग पत्र सौंपा था उसके अनुसार उन्होंने वह सभी सामान श्योपुर जिले भेज दिया। इस सामान को दाऊदी बोहरा समाज ने रविवार को जिला अस्पताल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया। इस दौरान आयोजित हुए कार्यक्रम में एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने दाऊदी द्वारा समाज के इस सद्भावना कार्यक्रम की प्रशंसा की। कार्यक्रम में बोहरा समुदाय के धर्म गुरु के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद शेख हुसैन भाई अमरावती वाले ने उनके धर्मगुरु के निर्देश पर समाज के द्वारा चलाए जाने वाले चैरिटी से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि धर्मगुरु के निर्देश पर पूरे देश में समय-समय पर सद्भावना और जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जिसमें पौधारोपण पक्षियों का संरक्षण और दूसरे आयोजन शामिल होते हैं इस दौरान सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने चिकित्सीय उपकरण एवं दूसरे उपयोगी सामानों को दिए जाने पर समाज का आभार जताया। समाज के प्रवक्ता सिराजुद्दीन ने बताया कि मौलाना साहब की ओर से पांच वाटर कूलर भेजे गए हैं जिनमें से एक पीजी कॉलेज एक ईदगाह में दिया जाएगा। 14 पैरा मीटर मशीन एवं आधा सैकड़ा के करीब ब्लड प्रेशर नापने की मशीन सहित अन्य उपकरण भेजे गए हैं जो अस्पताल प्रबंधन के सुपुर्द कर दिए गए हैं। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय,कलीम भाई सेक्रेटरी, हकीमुद्दीन दाऊदी, अकबर भाई, मुस्तफा दाऊदी, सज्जाद अली, मोईन अली, अकबर अली, अली हुसैन आदि मौजूद रहे।

# 20 से शुरू होगी कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षा 31 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कक्षा 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओ के बाद अब कक्षा 5वीं एंव 8वीं की परीक्षा 20 फरवरी से आरंभ होगी। यह परीक्षाएं भी बोर्ड पैटर्न पर होगी, जो 28 फरवरी तक चलेगी। इस परीक्षा में श्योपुर जिले के 31 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होगे।




डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा ने बताया कि 5वी एवं 8वी की परीक्षाएं 20 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित रहेगी, इसके लिए जिले में 144 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, परीक्षा का समय दोपहर 02 बजे से सांय 4.30 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि 5वी, 8वी की परीक्षा में जिले के 31 हजार 652 विद्यार्थी शामिल होगे। कक्षा 5वी की परीक्षा में 16 हजार 923 तथा 8वी की परीक्षा में 14 हजार 729 विद्यार्थी भाग लेंगे।

# दुर्घटनाओं का बाईपास, असुरक्षित पुलिया से नाले में गिरी कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के शिवपुरी रोड जिला अस्पताल से पाली रोड एफसीआई गोदाम तक बाईपास पर होने वाली दुर्घटना में कटौती नहीं हो रही है। रविवार को भी एक वेगनार कार असुरक्षित पुलिया के कारण नाले में कूद गई। गनीमत यह रही कि किसी को चोट नहीं आई वरना हादसा गंभीर भी हो सकता था।

शाम 4:00 के करीब एक वेगनर वाली रोड से शिवपुरी रोड की ओर बाईपास पर आते समय आरसेटी कार्यालय के पास बने नाले में कूद गई। इस जगह एक पुलिया बनी हुई है जो रोड से संकरी है साथ ही पुलिया के आसपास कोई बेरीकेट भी नहीं लगाए गए हैं जिससे वाहन खाई में गिरने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। इसी के चलते वेगनार के ड्राइवर को शायद रोड की कटाई दिखाई नहीं दी और गाड़ी नीचे उतर गई। इससे पहले भी इस बाईपास पर कहीं दुर्घटना है घटित हो चुकी है।

# बंजारा समाज ने मनाई संत सेवालाल की जयंती, निकाली बाइक रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बंजारा समाज के आराध्य देव संत सेवालाल जी महाराज की 287बी जयंती रविवार को बंजारा समाज के द्वारा धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर बंजारा समाज ने एक बाइक रेली भी निकाली। बाइक रैली का शुभारंभ पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत ने सेवालाल जी महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। जिसमें बंजारा समाज की 52 जातियो के लोगो ने बडी तादात में हिस्सा लेकर अपनी सामूहिक एकता का प्रदर्शन किया।

रघुनाथपुर नहर फाटक से शुरू हुई यह बाइक रैली चंबल नहर के रास्ते महुआमार, टर्राकला, बलावनी, ढोढर, गिरधरपुर, रामबाडी, होते हुए शहर में पहुंची। शहर में यह बाइक रैली पाली रोड, बडौदा रोड होते हुए बंजाराडैम पर पहुंची,जहां इस रैली का समापन किया गया। इस रैली का रास्ते में कई जगह स्वागत किया गया। बंजाराडैम पर रैली के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाट सहित अन्य कई लोग भी शामिल हुए। बिमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतू जनजाति जिला अध्यक्ष डॉ सुरेश कुमार बंजारा ने बताया कि कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला प्रशासन से बंजारा समाज के आराध्य देव की प्रतिमा बंजारा डेम पर लगवाने की जाने की मांग की।

# कूनो नेशनल पार्क में चीतों के आने से पहले हुई हैलीकॉप्टर लैंडिंग की ट्रायल




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर जिले के कूनों नेशनल पार्क में चीता प्रोजेक्ट के तहत बोत्सवाना से लगभग 8 चीते 28 फरवरी को आयेगे। इसके लिए सुरक्षित लैडिंग हेतु रविवार को कूनों नेशनल पार्क में तैयार किये गये हैलीपेड पर हैलीकॉप्टर की सुरक्षित लैडिंग के लिए ट्रायल कराई गई।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि बोत्सवाना से चीतों को कार्गो विमान से ग्वालियर लाया जायेगा, जहां से भारतीय वायुसेना के हैलीकॉप्टर चीतों को लेकर कूनो नेशनल पार्क में उतरेगे। हैलीकॉप्टर की सुरक्षित लैडिंग को लेकर रविवार को कूनों में ट्रायल की गई। उन्होंने बताया कि कूनों में 5 हैलीपेड तैयार किये गये है, जिन पर भारतीय वायुसेना के हैलीकॉप्टर ग्वालियर से चीतों को लेकर आयेगे। उन्होंने कहा कि गत 14 फरवरी को उनके द्वारा हैलीपेड स्थल का भ्रमण कर जायजा लिया गया था।

#### 21 को आ सकते हैं मुख्यमंत्री

कूनो नेशनल पार्क में चीतो के आगमन को लेकर शासन और प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि इन तैयारियों का जायजा लेने के लिए खुद मुख्यमंत्री कूनो नेशनल पार्क में आ सकते है। सूत्र बता रहे है कि 21 फरवरी को मुख्यमंत्री के आने की प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई है। जिस तरह मुख्यमंत्री चीतो के आगमन की तैयारियां का जायजा लेने खुद आ रहे है,उस देखकर संभावना है कि केन्द्र सरकार का कोई बडा मंत्री चीतो को छोडने के लिए कूनो में आ सकता है।

### धूमधाम से मना महाशिवरात्रि का पर्व, चंद्रपुरा और मानपुर में निकली शिव बारात

# महाशिवरात्रि: शिव मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव, पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को शहर समेत अंचलभर में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर के सभी छोटे-बड़े शिवालयों में पूजन के लिए भक्तों की कतार लगी, तो ग्रामीण अंचल में मेलों की धूम रही। शिवालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और भगवान भोलेनाथ की आकर्षक और भव्य झांकी सजाई गई। शिवालयों में दिनभर हर-हर महादेव गूंजता रहा। मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। दोपहर तक मंदिरों में शिव भक्तों का ताता लगा रहा, जिसका सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। उधर मानपुर कस्बे में शिव बारात गाजेबाजे के साथ निकाली गई। थानेश्वर महादेव से शुरू हुई शिवबारात मानेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस बार शिव बारात में भगवान महादेव पालकी में सवार होकर चल रहे थे। वहीं शिव बारात में शामिल शिव भक्तों का उत्साह भी देखते ही बन रहा था। जबकि ग्राम चंद्रपुरा में भी पहली बार शिव बारात निकाली गई। जिसमें श्रद्धालुओ की भारी भीड नजर आई।

यूं तो रविवार को सभी शिव मंदिरों पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही, लेकिन सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड शहर के प्राचीन श्री हजारेश्वर मंदिर, श्री गुप्तेश्वर महादेव, छारबाग के गोविंदेश्वर महादेव, गिर्राज घाट के शिव मंदिर, तन्मयेश्वर महादेव, किला स्थित सोनेश्वर महादेव मंदिर के अलावा नागदा स्थित नागेश्वर और भूतेश्वर महादेव, बड़ौदा के चंद्र सागर महादेव मंदिर, सोंईकलां के गुप्तेश्वर महादेव सोरती का अंडा, मानपुर के मानेश्वर महादेव, थानेश्वर महादेव तथा रामेश्वर स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर पर नजर आई। यहां दिनभर हर हर महादेव गूंजायमान होता रहा।



#### हजारेश्वर महादेव पहुंचे कलेक्टर, रूद्राभिषेक कर लिया आर्शीवाद

श्योपुर।महाशिवरात्रि पर कलेक्टर अर्पित वर्मा सपत्निक प्राचीन श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे तथा रूद्राभिषेक कर महादेव का आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर एसडीएम गगन सिंह मीणा, तहसीलदार मनीषा मिश्रा भी उपस्थित रहें। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किये और महादेव का जल एवं दूध से रूद्राभिषेक किया, मंत्रोच्चार की क्रियाएं पंडित सुधांशु शर्मा द्वारा संपन्न की गई। इस दौरान महादेव को मिष्ठान एवं पुष्प अन्य पूजा सामग्री अर्पित करते हुए आरती की गई। इसके बाद कलेक्टर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तथा सोनेश्वर महादेव मंदिर पर भी दर्शन के लिए पहुंचे और महादेव को जल अर्पित किया।

#### 10 साल के लंबे अंतराल के बाद मानपुर में लगा महाशिवरात्रि मेला

मानपुर में महाशिवरात्रि का मेला 10 साल के लंबे अंतराल के विराम के बाद रविवार को फिर से आयोजित किया गया। थाना परिसर में मौजूद महादेव मंदिर पर आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक मेले की शुरूआत रविवार को भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद सायंकालीन समय में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई है। जिसे देखने के लिए बडी संख्या में कस्बे सहित क्षेत्रभर के लोग पहुंचे। मेला आयोजन समिति के मुताबिक मेले में सोमवार की दोपहर को दंगल, सायंकालीन समय में कवि सम्मेलन और मंगलवार को रात्रिकालीन समय में रंगारंग कार्यक्रम होगा,जिसमें कोटा की आर्केस्ट्रा पार्टी के कलाकार अपनी रोचक प्रस्तुतियां देगे। उधर नागदा में भी नागेश्वर महादेव मंदिर पर सोरती मेला आयोजित किया गया।




#### बडौदा में बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति ने समा बांधा

बडौदा के चंद्रसागर तालाब स्थित महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय धार्मिक मेला बीती शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के साथ शुरू हो गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बडौदा नगर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने स्कूली बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों को देखकर न सिर्फ खूब तालिया बजाई,बल्कि उनकी खूब सराहना भी की। मेला शुभारंभ अवसर पर संत गण तथा नगर परिषद बडौदा की अध्यक्ष भरोसी बाई सुमन तथा मेला आयोजन समिति पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक विशेष रूप से मौजूद थे। बताया गया है कि सोमवार को कवि सम्मेलन, मंगलवार को आर्केस्ट्रा तथा बुधवार को दंगल के आयोजन के साथ मेले का समापन किया जाएगा।




# 19 मार्च से शुरू होगा महायज्ञ कार्यालय का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के बायपास रोड पर केन्द्रीय विद्यालय के सामने 19 मार्च से श्री विराट वाजपेयी बृहस्पति महासोमयज्ञ एवं विष्णु गोपाल महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जो कि 24 मार्च तक चलेगा। श्योपुर जिला मुख्यालय पर पहली बार आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में इस महायज्ञ के कार्यालय का शुभारंभ रविवार को महाशिवरात्रि पर किया गया। इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित सोमयाजी पू. पा. डॉ आचार्य गोस्वामी श्री वृजोत्सव महोदय श्री के द्वारा विधिवत रूप से श्रीनाथजी की प्रतिमा माल्यार्पण व पूजा अर्चना के साथ कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विराट वाजपेई बृहस्पति महासोमयज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी एवं वैष्णव संप्रदाय के बंधु मौजूद रहे।

# गार्डन एसोसिएशन का दो दिवसीय पुष्प मेला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मल्हार स्मृति मंदिर में शनिवार को दो दिवसीय पुष्प मेले का शुभारंभ एडीएम शोभाराम सोलंकी के कर कमलों से हुआ। इस वर्ष पुष्प मेले में फूल पौधों को एक उद्यान जैसा रूप देकर सजाया गया है। इस वर्ष भी पुष्प मेले में अनेक प्रकार के फूल आए है, दुर्लभ फूल में बर्ड ऑफ पेरेडाइज देखने को मिल रहा है और मौसमी फूल डेहलिया, पिटुनिया, पेंजी, डायन्थस, फ्लाक्स, वर्बिना, सेवंती, झिनिया, इम्पेशन, बिगोनिया, क्रायसेंथेमम, साल्विया, केलेन्चो है तो पन्सेटिया आदि भी अपना रंग बिखेर रहे है। ऑनामेंटल प्लांट में क्रिसमस ट्री, अरेलिया, ड्रेसिना, क्रोटन, डफन बेकिया, एग्लोनिमा, एरिकापाम, पॉम पॉम चम्पा मेले की शोभा बढ़ा रहे है। फूलों का राजा तो हमेशा की तरह अनेक रंग रूप में आया है। इस मौसम में एडिनियम, एन्थुरियम भी फूलों के साथ दिख रहे है। गजरा गियर्स, किर्लोस्कर ब्रदर्स के पुराने बोन्साई भी है। परासिया के मिनिएचर लेण्ड स्केप पौधों को मोर आदि जैसे भिन्न भिन्न आकार में बनाकर रखा है। मंगला एवं शेकटकर द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में फूलों के रंग शिवरात्रि के संग थीम पर सजावट की गई है। पुष्प मेले का एक मुख्य आकर्षण गार्डन्स एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य अमिताभ तिवारी के बनाए मिनिएचर गार्डन और बोन्साई की तो बात ही कुछ और है। इनकी इस वर्ष की थीम जंगल है, जंगल में प्रसिद्ध केवडिया पहाड भी देखा जा सकता है।

### स्थापना दिवस पर शनिवार देर रात शहर में निकाली गई रथ यात्रा

# रथ यात्रा के दूसरे दिन बेतवा नदी में विसर्जित की गई सांईबाबा की प्रतिमा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

मां जागेश्वरी मंदिर पर विराजमान सांई बाबा के 27 वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार देर रात सांई बाबा की रथ यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। वहीं रथ यात्रा के दूसरे दिन रविवार को बाबा की प्रतिमा कुरवाई स्थित बेतवा नदी में विसर्जित की गई। शोभायात्रा मां जागेश्वरी मंदिर से शुरू हुई जो कच्चा रोड, सर्वोदय चौक, गांधी तिराहा, महावीर चौक होते हुए वापस मां शक्ति पीठ पर समाप्त हुई। रथ यात्रा में सबसे आगे रथ पर सवार होकर भगवान गणेश, पवन पुत्र हनुमान और उनके बाद सांई बाबा की पालकी यात्रा और फिर रथ पर सवार होकर सांई बाबा विराजमान थे। बड़ी संख्या में भक्त रथ खींच रहे थे। यात्रा में गरबा नृत्य, शिव नृत्य, श्रीराधा कृष्ण नृत्य, ढोल, डीजे की धुन पर भक्त थिरकते हुए नजर आए। रथ यात्रा में बाबा की पालकी को कांधे पर रखकर श्रद्धालु चल रहे थे। पालकी में विराजमान बाबा की मूर्ति एवं चरण पादुका का श्रद्धालुओं के द्वारा पूजन किया गया। वहीं रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

#### बेतवा नदी में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

यात्रा के दूसरे दिन रविवार को कुरवाई स्थित बेतवा नदी में साई बाबा, भगवान गणेश एवं पवन पत्र हनुमान जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन से पूर्व घाट पर सभी प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ पूजन किया गया। विसर्जन की दौरान डॉक्टर प्रकाश अग्रवाल, आलेख राय, मनोज अहिरवार, ओपी ताम्रकार, नीलेश सूर्यवंशी, मयंक रिछारिया, विनय मिश्रा, गुड्डू चौबे, उदय सिंह, भरत नामदेव, अंशु चौबे आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल के वार्डों और बरामदे की सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सामाजिक स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सिविल अस्पताल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें संस्था के स्वयंसेवकों ने अस्पताल के सभी वार्डों एवं बरामदे की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस मौके पर विधायक निर्मला सप्रे एवं अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया ने स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वयंसेवकों के साथ मिलकर अस्पताल की साफ-सफाई में सहयोग किया। इनके अलावा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक नीरज शर्मा, नवांकुर संस्था ढांड ग्राम विकास समिति से जगदीश कुशवाहा, अंजनी जन कल्याण समिति से नंदराम कुशवाहा, अंजनी रतन सेवा समिति से देवेंद्र राय, तरुण संस्कार समिति से अभिषेक राय ने स्वच्छता कार्य में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान संस्था समन्वय मंडपम सचिव सत्यजीत सिंह ठाकुर ने स्वच्छता को सभी नागरिकों का मौलिक कर्तव्य बताते हुए सभी की सम्मिलित जिम्मेदारी मानकर स्वच्छता की आदत डालने का आग्रह किया। जन अभियान की नवांकुरों ने अस्पताल को बेडशीट भेंट की।



### गोवंश की मदद को बढ़े सेवक

# ट्रेन की टक्कर से घायल गाय का गो सेवकों ने किया उपचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ट्रेन की चपेट में आने से घायल हुई गाय का गौ सेवा दल के सदस्यों के द्वारा उपचार कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया रेलवे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी कि पांच नंबर प्लेटफार्म के सामने मिनी आरआरआई के पास ट्रेन की चापेट में आने से एक गाय घायल हो गई है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे जहां ट्रेन की चपेट में आने से एक घायल गाय मिली। जिसके सींग पैर में चोट आई थी। मौके पर पहुंचकर गौ सेवा दल के द्वारा घायल गाय का उपचार किया गया और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उपचार करने वालों में गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव, शुभम सेन, अंशुल राय, देवेंद्र यादव एवं रेलवे डिप्टी एसएस बृजेंद्र अहिरवार मौजूद रहे।

### छोटी बजरिया स्थित गुप्ता गार्डन में वैश्य महासम्मेलन ने आयोजित किया कार्यक्रम

# पुलवामा के शहीदों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि, रिटायर सैनिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गुप्ता गार्डन में शनिवार रात को वैश्य महासम्मेलन के द्वारा पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कैंडल जलाकर शहीदों को नमन किया गया। साथ ही रिटायर सैनिकों का सम्मान भी किया गया। वैश्य महासम्मेलन के सदस्य मनोज अग्रवाल ने बताया यह आयोजन पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों की याद में किया गया है। जिन्होंने अपने प्राणों की चिंता किए बगैर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों को भारत माता के लिए समर्पित कर दिया। पुलवामा में शहीद हुए 40 जवानों के साथ देश की रक्षा करते हुए जो जवान शहीद हुए हैं, उनके लिए श्रद्धांजलि दी गई है। ऐसे वीर योद्धाओं के लिए हमारा देश का हर नागरिक उन्हें याद करता है। साथ ही कैंडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया।

#### इनका किया सम्मान

कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन के सदस्यों और समाजसेवियों ने रिटायर्ड सैनिक विजय कुमार बामनिया, मनोज कटारे, बीएल चौधरी, अनिल सेन, वेदप्रकाश राय, हवलदार राजू एवं छोटी बजरिया चौकी प्रभारी आरके जोरम का माला पहनाकर सम्मान किया।



# ईसागढ़ में शांति समिति की बैठक में त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

महाशिवरात्रि, होली, रमजान एवं ईद जैसे प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक थाना ईसागढ़ परिसर में संपन्न हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सांप्रदायिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था बनाए रखना रहा। बैठक का नेतृत्व थाना प्रभारी मीना रघुवंशी एवं तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने किया। इसमें विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, मंदिरों के पुजारी, नगर के गणमान्य एवं संभ्रांत नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मीना रघुवंशी ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है और ईसागढ़ की परंपरा हमेशा से मिल-जुलकर पर्व मनाने की रही है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। जो कार्यक्रम जिस स्थान और जिस स्वरूप में परंपरागत रूप से होते आए हैं, उन्हें उसी प्रकार संपन्न कराया जाए।



बैठक में ध्वनि प्रदूषण के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। नगर के गणमान्य नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। विशेष रूप से होलिका दहन एवं नमाज के समय आपसी तालमेल और सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया गया। बैठक में तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने कहा कि त्योहार समाज को जोड़ने का माध्यम हैं और इन्हें आपसी प्रेम, संयम एवं भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी विवाद की स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें।

# सामुदायिक पुलिसिंग का मानवीय उदाहरण वैलेंटाइन-डे पर बुजुर्गों का सहारा बनी पुलिस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शनिवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत वैलेंटाइन डे के अवसर पर एक संवेदनशील एवं प्रेरणादायक पहल की गई।

पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम शहर की त्रिलोकपुरी कॉलोनी स्थित 'अपना घर परिवार' वृद्ध आश्रम पहुंची, जहां निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें पुष्प भेंट किए तथा उनके साथ समय व्यतीत कर उनके सुख-दुख साझा किए। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि आधिकारिक आर्थिक सहायता मिलने तक आश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों के भोजन और राशन की जिम्मेदारी पुलिस परिवार उठाएगा। यह खर्च सभी अधिकारी मिलकर उठाएंगे। इस दौरान एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप चैहान, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह, थाना प्रभारी यातायात स्नेहा ठाकुर, निरी. नरेन्द्र त्रिपाठी, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, सूबेदार अजीत सिंह, सूबेदार आईना साहिवा, उनि. रेनु रावत सहित पुलिस टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने आश्रम की नियमित देखरेख व पुलिस स्टाफ अलग-अलग समय पर पहुंचकर भोजन और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा।

### महाशिवरात्रि पर सजे सिद्ध बाबा मंदिर गुप्तेश्वर महादेव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, घरों पर की पूजा-अर्चना



**दिनारा।** नगर में सिद्ध बाबा मंदिर श्री श्री 1008 श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी रविवार को दिनारा नगर समेत में धूमधाम के साथ मनाया। शिव और शक्ति के महामिलन के इस पर्व को लेकर दिनारा नगर सहित सिद्ध बाबा मंदिर गुप्तेश्वर महादेव,मंदिर को सजाए गए। जहां रविवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं चंदवारा और दिनारा सहित अन्य कई स्थानों पर धार्मिक मेलों का आयोजन भी किया । विशेष बात यह है कि दिनारा कस्बे में वैसे तो महाशिवरात्रि बेहद खास है, लेकिन इस बार महाशिवरात्रि पर बहुत वर्षों बाद कई शुभ योग एक साथ बन रहे हैं। इस दिन कुंभ राशि में बुधादित्य, शुक्रादित्य, लक्ष्मी,नारायण और चतुर्ग्रही योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि, प्रीति, ध्रुव व व्यतिपात योग भी रहेंगे। यह दिन ग्रह-नक्षत्रों की चाल के लिहाज से भी खास रहेगा। महा शिवरात्रि में सभी पूजन विशेष फल प्रदान करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ पृथ्वी पर मौजूद सभी शिवलिंग में विराजमान होते हैं, इसलिए महाशिवरात्रि के दिन की गई शिव की उपासना से कई गुना लाभ मिलता है। इस दौरान सिद्ध बाबा मंदिर चंदावरा मे और गुप्तेश्वर महादेव, मंदिर दिनारा पर विशेष चहल-पहल सिद्ध बाबा मंदिर और गुप्तेश्वर महादेव की, नगरी दिनारा में महाशिवरात्रि का पर्व पूरी आस्था के साथ मनाया। गुप्तेश्वर महादेव,मंदिर पर सुबह से ही दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग जाएगी। शिवरात्रि के अवसर पर जिन गुप्तेश्वर महादेव,मंदिर विशेष चहल-पहल रही।

# शिक्षकों को दिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन, प्रमाण पत्र किए वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय प्रधानमंत्री कौशल केंद्र गुना रोड पर जिले के प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय से एक एक शिक्षक शिक्षिका को हेल्थ एंड वैलनेस एंबेसडर के रूप में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य को लेकर दो बैच में तीन-तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया गया जिसका संचालन 9 से 14 फरवरी तक किया गया। इस प्रशिक्षण का संचालन सेंटर आफ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (सीटेड) के द्वारा आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन 14 फरवरी को प्रशिक्षण के प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्वास्थ्य



मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.के.एस.के) स्कूल उमंग हैल्थ एण्ड वैलनेस कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे जिले से प्रत्येक माध्यमिक विद्यालय से एक शिक्षक एक शिक्षिका भाग ले रहे हैं प्रशिक्षण के दौरान शिक्षा विभाग से सभी प्रशिक्षको को 11 मास्टर ट्रेनर द्वारा शिक्षकों को पोषण, किशोरावस्था, एनीमिया,नशा उन्मूलन, माहवारी स्वच्छता, बच्चों में मोबाइल के दुष्प्रभाव,संचारी एवं असंचारी बीमारी आदि बताई।

### पुलिस अधीक्षक समेत अमले के आला अधिकारियों ने टीम बनाकर की कार्रवाई

# अंचल में अपराधियों पर अंकुश लगाने पुलिस महकमा सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के अंतर्गत करैरा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर के दूरदर्शी, दृढ़ और प्रेरणादायक नेतृत्व में एक ऐसी ऐतिहासिक और प्रशंसनीय सफलता हासिल की है, जिसने न केवल अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं, बल्कि आमजन के मन में सुरक्षा, विश्वास और सम्मान की भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। यह कार्रवाई केवल एक गिरफ्तारी नहीं, बल्कि पुलिस की प्रतिबद्धता, कर्तव्यनिष्ठा और अद्वितीय नेतृत्व क्षमता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह



राठौर की नेतृत्व क्षमता, सूझबूझ और अपराध नियंत्रण के प्रति उनकी जीरो टॉलरेंस नीति ने जिले में कानून व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की है। उनके नेतृत्व में पुलिस विभाग ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अपराध करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है। एसपी राठौर स्वयं इस पूरी कार्रवाई की पल-पल निगरानी कर रहे थे, जो उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट प्रमाण है। उनकी कार्यशैली ने पुलिस बल में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार किया है। इस गौरवपूर्ण सफलता में एसडीओपी आयुष जाखड़ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय रही। उनके कुशल मार्गदर्शन, रणनीतिक सोच और सटीक निर्देशन ने पूरी कार्रवाई को सफलता के शिखर तक पहुंचाया। उनकी सूझबूझ और समन्वय क्षमता ने यह सिद्ध कर दिया कि वे एक सक्षम, अनुभवी और परिणामोन्मुखी पुलिस अधिकारी हैं, जिनकी कार्यशैली वास्तव में अनुकरणीय है। करैरा थाना प्रभारी विनोद छवाई ने अपनी अद्भुत सक्रियता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए पुलिस टीम का नेतृत्व किया और आरोपी की सफल घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया। उनकी तत्परता और निर्णय क्षमता ने यह साबित कर दिया कि वे अपने कर्तव्य के प्रति पूर्णतः समर्पित और प्रतिबद्ध अधिकारी हैं। इसी प्रकार सुरवाया थाना प्रभारी अरविंद छारी ने भी अपने उत्कृष्ट समन्वय, सजगता और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए कार्रवाई को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में पुलिस टीम ने अनुशासन, साहस और टीम भावना का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई के दौरान करैरा और सुरवाया थाना के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने जिस समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया, वह वास्तव में अत्यंत प्रेरणादायक और प्रशंसनीय है। पुलिस की इस त्वरित, प्रभावी और योजनाबद्ध कार्रवाई ने अपराधियों में कानून का भय स्थापित कर दिया है और यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि करैरा पुलिस हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर, एसडीओपी आयुष जाखड़, थाना प्रभारी विनोद छवाई, थाना प्रभारी अरविंद छारी और उनकी पूरी टीम की इस अभूतपूर्व और सराहनीय सफलता की प्रशंसा की है।